सार-समाचार

अगरबत्ती रथ यात्रा का स्वागत

उदयपुर, (कासं)। अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के साथ में मंदिर के गर्भ ग्रह में प्रभु श्री राम की मूर्ति की स्थापना के अवसर पर बडौदा से निकली 108 फीट लंबी अगरबत्ती रथयात्रा का उदयपुर में भव्य स्वागत किया । रथ यात्रा सैकडों कार्यकर्ताओं एवं हजारों राम भक्तों के साथ आज राजस्थान की सीमा में प्रवेश कर खेरवाडा, ऋषभदेव होती हुई उदयपुर पहुंची। जहां पर भाजपा शहर अध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, पूर्व महापौर रजनी डांगी, कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रधान तखत सिंह शक्तावत, कार्यक्रम समन्वयक कमलेंद्र सिंह पंवार, सहसंयोजक डॉ. अमृतलाल मेनारिया, जितेंद्र सिंह शक्तावत द्वारा गोवर्धन विलास स्थित हर्ष पैलेस होटल के बाहर भव्य महा आरती एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया । कार्यक्रम समन्वयक कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि प्रभु श्री राम के दरबार तक अपनी हाजिरी पहुंचाने का माध्यम बन रही यह अगरबत्ती आपके जीवन का कल्याण करेगी यह अगरबत्ती हाईवे टू हाईवे ही जा पाएगी क्योंकि रथ 138 फीट लंबा है। इस अवसर पर बजरंग सेना मेवाड, विश्व हिन्दू परिषद्, विप्र सेना, श्री राम बजरंग दल, हिन्दू महासेना टाइगर फोर्स, शिव दल, श्री अन्नपूर्णा माताजी धर्मोत्सव समारोह समिति, ओम बन्ना सेवा संस्थान, अ.भा. क्षत्रिय महासभा मेवाड, युवा क्रांति संगठन, श्री राम सेना मेवाड, शिव सेना, महाराणा प्रताप सेना, अ.भा युवा गुर्जर महासभा, पन्नाधाय सेवा संस्थान, श्री महावीर युवा मंच, हिन्दू विजय सेना, भूपाल नोबल्स संस्थान, हिन्दू जागरण मंच, श्री राम स्केटिंग क्लब, कृष्णा कल्याण संस्थान, क्षत्रिय विकास संस्थान आदि हिन्दू संगठनो द्वारा मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया।

अवैध निर्माण हटाने के निर्देश

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर विकास प्राधिकरण ने प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित आरके चौराहे एवं इस चौराहे से सेलीब्रेशन एवं शोभागपुरा जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे निर्मित सभी कच्चे पक्के, स्थाई अस्थाई निर्माण को अपने स्तर पर तुरन्त 24 घण्टे की अवधि में हटाने के निर्देश दिए है। अन्यथा यूआईडी अपने स्तर पर निर्माण हटाकर उसका खर्चा अतिक्रमियों से वसूल करेगा। प्राधिकरण सचिव राजेश जोशी ने बताया कि इस क्षेत्र में कृषि भूमि में बिना रूपान्तरण, बिना स्वीकृति एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये अवैध रूप से टिन शेडेड एवं पक्की दुकानो का शून्य सेट बेक पर निर्माण कर लिया गया है एवं सड़क मार्गाधिकार में अवैध पार्किंग एवं दुकानो का सामान आदि रखकर यातायात को पूर्णतया बाधित कर दिया गया है, जिससे इस स्थल पर सड़क दुर्घटना होकर जन हानि होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है इन समस्त निर्माणो के विरूद्ध पूर्व में भी नगर सुधार अधिनियम 1959 के तहत कार्यवाही की जा कर अपने स्तर पर हटाये जाने हेतु पाबन्द किया गया था। इसके उपरान्त भी मौके से निर्माण नहीं हटाये गये है और नवीन निर्माण भी कर लिये गये है। इस संबंध में यहां निर्मित सभी कच्चे पक्के, स्था अस्था निर्माण को अपने स्तर पर तुरन्त 24 घण्टे की अवधि में हटाने के निर्देश दिए है अन्यथा बाद मयाद गुजरने इसे प्राधिकरण द्वारा हटाया जाएगा एवं उसका हर्जा-खर्चा वर्तमान खातेदारों से भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 226 से 230 एवं जन मांग वसूली अधिनियम 1952 एवं नियम 1953 के अन्तर्गत भू-राजस्व बकाया की वसूली के रूप में किया जाएगा। साथ ही सभी आमजन को भी इस प्रकार की कृषि भूमि में किसी भी प्रकार के भूखण्डो का कय विकय नहीं करने का आह्वान किया है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई हानी नहीं उठानी पडे।

गल्ले से नकदी चुराई

डूंगररपुर, (निसं। शहर में नया बस स्टैंड से अस्पताल रोड पर गत रात्रि को चोरों ने एक साइकिल स्टोर का शटर तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान के गल्ले में रखे 19 हजार रुपए कैश और एटीएम कार्ड चुराकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारी ने शटर टूटा हुआ देखा तब घटना का पता चला। वहीं, दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई।सदर थाना रोड पर शहीद पार्क के पास स्थित जनता साइकिल स्टोर के संचालक रवि भटीजा ने बताया कि बुधवार रात को वह रोजाना की तरह साइकिल स्टोर को बंद करके घर चला गया था। वहीं आज गुरुवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ था। जिस पर उन्होंने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने के बाद दुकान खोलकर देखा तो काउंटर का कांच फुटा हुआ था। वहीं, गल्ले में रखे 19 हजार रुपए कैश और एटीएम कार्ड गायब था। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रात 12 बजकर 40 मिनट पर 4 चोर अंदर आते दिखे। वहींए 27 मिनट बाद एक बजकर 7 मिनट पर वारदात को अंजाम देकर चोर बाइक पर फरार हो गए। पीडित दुकानदार की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विद्यार्थियों से किया संवाद

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय उदयपुर के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में नववर्ष की नूतन शुरुआत एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद हेतु अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अथिति महाविद्यालय के नव नियुक्त कार्यकारी अधिष्ठाता डॉ.पी.के. सिंह ने नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया । उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताया एवं उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने हेतु पूरी लगन एवं निष्ठा से मेहनत करने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों से अनुशासन में रहने एवं कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने पर जोर दिया । डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं उनका समाधान भी बताया साथ ही छात्र. छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम की आयोजन सचिव सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण अधिकारी डॉण् गायत्री तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर आश्वासन दिलाया कि महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं अनुशासन में रहते हुए आयोजित सभी गतिविधियों में भी भाग लेगें ।

आवेदन की तिथि 21 तक बढ़ाई

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय अन्य पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम एवं राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की विभिन्न योजनाओं के लिये चैनेलाईजिंग एजेंसी का कार्य किया जाता है। इन पांचो राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में ऋण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी तक बढा दी है। अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक गिरीश भटनागर ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के प्रार्थी जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रूपये तक हो ऐसे राजस्थान के मूल निवासी आवेदन कर सकते है। सफाई कर्मचारी वर्ग एवं दिव्यांगजन के लिये वार्षिक आय सीमा की बाध्यता नही है। ऋण लेने के इच्छुक पात्र आवेदक ई-मित्र पर या स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से अनुजा निगम वेब पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

पंचकर्म शिविर आठ से

उदयपुर, (कासं)। आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में 28 वां निःशुल्क पांच दिवसीय आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर 8 जनवरी से शुरू होगा। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सधिकारी शिविर प्रभारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि शिविर में कमर दर्द, सायटिका, जोड़ों का दर्द, घुटनों के दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, एडी का दर्द, माइग्रेन, फ्रोजन शोल्डर, बालों की समस्या, एवं जटिल एवं जीर्ण रोगों का उपचार किया जाएगा। पांच दिवसीय आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों के उपचार कटिबस्ती, जानुबस्ती, ग्रीवाबस्ती, सर्वांग स्वेदन, स्थानिक अभ्यंग, सर्वांग अभ्यंग, षष्टिशाली पिंडस्वेद, शिरोधारा, शिरोबस्ती, धारास्वेदन, और बस्तिकर्म एवं पंचकर्म विधाओ के द्वारा चिकित्सा की जाएगी।

तीन दिवसीय पौष दशमी आज

डूंगरपुर। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में तीन दिवसीय पौष दशमी 5 जनवरी से घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर परिसर में धूमधाम के साथ सम्पादित कराये जायेगे। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन ने बताया कि 5 जनवरी से 'प्रभु श्री पार्श्वनाथ' के जन्म कल्याणक निमित्त त्रिदिवसीय उत्सव का प्रारंभ होगा। श्री गंभीरा पार्श्वनाथ जिनालय में अखंड दीपक स्थापना हेतु प्रातः 8 बजे फौजका बडला से प्रस्थान करेंगे। जिसमे लाभार्थी मेहता निर्मला देवी छोटालाल परिवार रहेंगे। इसी क्रम में 6 जनवरी को प्रातः7.30 बजे से श्री गंभीरा पार्श्वनाथ जिनालय में प्रक्षाल,केसर एवं फूल पूजा,आरती एवं मंगल दीपक के कार्यक्रम होगे।

विधायक उदयलाल डांगी ने कहा नगर पालिका में जिम्मेदार अधिकारी लगायेंगे

नगर पालिका क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आयेगी : डांगी

भीण्डर। वल्लभनगर विधानसभा के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक उदयलाल डांगी का भीण्डर में भव्य स्वागत किया गया। विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार भीण्डर आने पर उदयलाल डांगी का भीण्डर रेलवे स्टेशन से लेकर सूरजपोल तक जगह-जगह पुष्पवर्षा व माला पहनाकर विभिन्न संगठनों व आमजनों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद शिव वाटिका में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में विधायक उदयलाल डांगी ने कहा कि भीण्डर के लोगों के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आयेगी और नगर पालिका क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा। वल्लभनगर विधानसभा की सबसे श्रेष्ठ नगर पालिका भीण्डर हैं और इसका विकास के कामों को आगे बढाना मेरा कर्तव्य है।

वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी गुरूवार दोपहर करीब 2 बजे भीण्डर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इसके बाद भीण्डर न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन भीण्डर, पंचायत समिति सभागार में पंचायत समिति कार्मिक, पुलिस थाने के बाहर यादव समाज द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद भीण्डर रामपोल बस स्टेण्ड पर भीण्डर भाजपा मण्डल अध्यक्ष चमनलाल सोनी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने 21 किलो माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां से स्वागत जुलूस रवाना हुआ जो बाहर का शहर, मोचीवाडा, रावलीपोल, नृसिंह मन्दिर, सूरजपोल होते हुए भीण्डेश्वर महादेव स्थित शिव वाटिका पहुंचा। विभिन्न जगहों पर विधायक उदयलाल डांगी का नगर विकास मंच, भारत विकास परिषद, कपडा व्यापार मण्डल, खुदरा किराणा एसोसिएशन, सर्राफा एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों व आमजनों ने स्वागत किया।

भीण्डर में विधायक उदयलाल डांगी का माला पहनाकर स्वागत किया।

भीण्डर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक उदयलाल डांगी ने कहा कि आप सभी द्वारा मिले प्यार और स्नेह से मैं यहां तक पहुंचा हूं। भाजपा गरीबों व पात्र लोगों की मदद करती हैं, 9 जनवरी को भीण्डर नगर पालिका में शिविर का आयोजन होगा, आप वहां पहुंच करके अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेंवे। पालिका कर्मचारियों का रवैया लोगों के लिए ढूलमुल रहा हैं बार-बार चक्कर लगवाते हैं, अपनी कार्यशैली बदल दे अब भाजपा की सरकार है। नगर पालिका और हॉस्पिटल में स्टॉफ की कमी को पूरी करेंगें, नगर पालिका में जिम्मेदार अधिकारी लगायेंगे जिससे समस्या हल हो सकें। वल्लभनगर विधानसभा में भीण्डर नगर पालिका सबसे श्रेष्ठ पालिका हैं, मेरी कोशिश रहेंगी कि नगर पालिका के कर्मचारी भीण्डर के नागरिकों का मान सम्मान करते हुए काम करेंगे। इस अवसर पर भाजपा देहात जिलामंत्री भंवरलाल भट्ट, सहकारिता प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष किरण नागौरी, भाजपा नेता प्रकाश जैन, कानोड मण्डल अध्यक्ष अनुप श्रीमाली, भीण्डर मण्डल अध्यक्ष चमन लाल सोनी, बोहरा समाज के मौलाना हातिमअली, महामंत्री विनोद मौर्य, कृष्ण गोपाल मुंदडा, महिला मोर्चा महामंत्री तिलक चौबीसा, मूरली तिवारी, शंकर जाट, महिला मोर्चा अध्यक्ष उषा चौबीसा, जिलामंत्री मीना टेलर आदि उपस्थित थे। संचालन विनोद मोर्य ने किया।

पोस्टर का विमोचन

बांसवाडा । नेहरू युवा केंद्र की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसके तहत गुरूवार को जिला कलक्टर प्रकाशचन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। जिला कलक्टर शर्मा ने जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार को माई भारत पोर्टल पर अधिकाधिक युवाओं का पंजीकरण करवाने के निर्देश दिये जिससे इस प्रकार से अवसरों का युवाओं को लाभ मिले। जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि माई भारत- विकसित भारतध्2047 विषयक भाषण प्रतियोगिता 8 जनवरी को न्यु लुक कॉलेज में प्रातः 10.30 प्रारम्भ होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं की उम्र 12 जनवरी-2024 तक 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। भाषण प्रतियोगिता का समय अधिकतम 4 मिनट रखा गया है। प्रतियोगिता सम्बन्धी अन्य जानकारी माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण के पश्चात देखी जा सकती है। विजेताओं का चयन निर्णायक समिति द्वारा किया जाएगा। निर्णायको का निर्णय अंतिम होगा। प्रथम विजेता युवा को जिले के प्रतिनिधि के रूप में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को एक लाख, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 50 हजार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार एवं चतुर्थ स्थान को भी 25 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवा 7 जनवरी तक पंजीकरण फॉर्म भरकर ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से कार्यालय में जमा करवाएं।

पार्षदों को रियायती दर पर भूखण्ड देने पर बनी सहमति

- निगम की बैठक में उप महापौर ने स्मार्ट सिटी के तहत हुए कार्यों पर उठाई ऊंगली, अधिकारियों को घेरा

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम उदयपुर की गुरुवार को सम्पन्न बैठक में उदयपुर शहर के 18 वार्डों में स्मार्ट सिटी के तहत हुए कई कार्यों पर सवाल खडे करते हुए उपमहापौर पारस सिंघवी ने निगम की बोर्ड बैठक में अधिकारियों को घेरा।

स्मार्ट सिटी के सभी कार्यों की निगरानी का जिम्मा निगम के अधिकारियों के पास होने से सिंघवी बोर्ड बैठक में आग बबूला हो गए और अधिकारियों को लताड लगाते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों का जिम्मा निजी कम्पनी के पास है लेकिन निगरानी आपके द्वारा की जा रही हैं। समय पर कार्य पूरा नहीं होने पर कम्पनी को नोटिस जारी क्यों नहीं किया गया और पेनाल्टी क्यों नहीं वसूली गई। बोर्ड बैठक में सिवरेज के कार्यों के साथ.साथ सफाई कार्य पर बहस होती नजर आई। सिवरेज का कार्य पूरा होने के बाद पाईपलाइन से निकलती गंदगी पर बोर्ड का पक्ष विपक्ष एक मत नजर आया। सभी पार्षदों ने इस मामले में निगम के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही। बैठक में निगम की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्यवाही पर विपक्षी पार्षदों ने सवाल खडे करते हुए कहा कि क्या इस तरह की कार्यवाही गरीबों पर ही होगी या फिर शहर में बडे-बडे शोरूम के बाहर किए गए अतिक्रमणों को भी हटाया जायेगा । कांग्रेसी पार्षद ने बोर्ड बैठक में फोटो दिखाते हुए कहा कि कोर्ट चौराहे के समीप बने शोरूम के बाहर गलत तरीके से गेट लगाए गए हैं, उन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती हैं। इसके अलावा कोर्ट चौराहे पर बिना लिखित अनुमति के हटाया गया डिवाइडर भी बैठक में चर्चा का विषय रहा। बता दे कि निगम की ओर से कोर्ट चौराहे से कलेक्टर बंगले की तरफ जाने वाली रोड पर डिवाइडर बनवाया था लेकिन हादसे के बाद फिर उसे हटवा दिया गया।

बोर्ड बैठक में स्मार्ट सिटी के तहत हुए कार्यों में लापरवाही सामने आने के बाद पार्षदों की ओर से किए गए सवालों के बाद महापौर जीएस टांक ने 11व 12 जनवरी को स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ बैठक करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में स्मार्ट सिटी के कार्य हुए हैं। उन वार्डों के पार्षदों को बुलाकर चर्चा कर सिवरेज सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया जाएगा

नगर निगम की निर्माण समिति के अध्यक्ष ताराचंद जैन के विधायक बनने के बाद गुरूवार को बोर्ड बैठक में सर्वप्रथम समिति अध्यक्ष के रूप में भाजपा पार्षद आशीष कोठारी को समिति अध्यक्ष घोषित किया गया। जैन के विधायक बनने के बाद समिति अध्यक्ष का पद खाली हो गया था। ताराचंद नगर निगम में पार्षद होने के साथ ही निर्माण समिति अध्यक्ष थे।आशीष कोठारी के स्थान पर भंवर सिंह को भवन अनुमति समिति का दायित्व दियागया। देवडा के स्थान पर मोहन गुर्जर को गौशाला समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया । नगर निगम की बोर्ड बैठक में सभी पार्षदों को रियायती दर में भूखंड देने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस प्रस्ताव पर सभी पार्षदों ने एक मत होते हुए इस प्रस्ताव को पास किया लेकिन वित्त स्वीकृति से जुडा मामला होने की वजह से महापौर जीएस टांक ने इस प्रस्ताव को राज्य सरकार के पास भेजने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद ही पार्षदों को रियायती दर पर भूखंड मिल सकते हैं।

बोर्ड बैठक में कांग्रेसी पार्षदों ने भाजपा बोर्ड पर आरोप लगाया कि बोर्ड द्वारा उनके साथ सौतेला व्यवहार किया गया। पार्षदों ने कहा कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान उन वार्डों में काम हुए जहां से भाजपा के पार्षद जीतकर आए थे। कांग्रेसी पार्षदों ने यह भी कहा कि निगम के द्वारा उनके वार्डों में होने वाले कार्यों की जानकारी तक नहीं दी जाती हैं।बोर्ड बैठक शुरू होने के साथ ही नवनिर्वाचित शहर विधायक ताराचंद जैन और ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा के स्वागत का कार्यक्रम था लेकिन मीणा के नहीं पहुंचने से ताराचंद जैन का बैठक के समापन से पहले स्वागत किया गया।

कलेक्टर ने पॉली हाउस का निरीक्षण कर कृषकों से किया संवाद

'आदिवासी किसान को पता है किस समय खीरा या शिमला मिर्च की बुवाई करें तो उसकी उपज का उसे अधिक मूल्य मिलेगा'

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ने उद्यान विभाग की ओर से आनन्दपुरी क्षेत्र में कृषकों के खेतों पर स्थापित पॉली हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषकों द्वारा पॉली हाउस में उगाई गयी रंगीन शिमला मिर्च एवं खीरे की फसल का अवलोकन किया।

आदिवासी कृषकों के खेतों पर बडी-बडी लाल, पीली एवं हरी शिमला मिर्च देखी एवं संरक्षित खेती के प्रति कृषकों का रूझान देख प्रसन्न हुए। इसके पश्चात् पॉली हाउस में खेती कर रहे 30-40 किसानों में से कृषक लालसिंह पारगी के खेत पर कृषकों से संवाद कर रंगीन शिमला मिर्च एवं खीरे की फसल की पैदावार एवं मार्केट तथा इससे होने वाली आमदनी व मुनाफे के बारे में जानकारी ली। किसानों ने जिला कलक्टर को बताया कि 2000 वर्ग मीटर पॉली हाउस में रंगीन शिमला मिर्च की खेती करने पर अक्टूबर से जून तक की फसल में औसतन राशि 8 लाख रुपए की शुद्ध आय हो रही है। शर्मा इस बारे में जानकर अभिभूत हुए कि अब आदिवासी किसान को पता है किस समय खीरा या शिमला मिर्च की बुवाई करें तो उसकी उपज का उसे अधिक मूल्य मिलेगा। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक उद्यान डॉ. विकास कुमार चेचानी, सहायक कृषि अधिकारी उद्यान बदामीलाल निनामा एवं कृषि पर्यवेक्षक आनन्दपुरी धनेश्वर पाटीदार मौजूद रहे। कलक्टर ने उद्यान विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं कृषकों की मेहनत की प्रशंसा की।

जिला कलक्टर को आदिवासी कृषकों ने रंगीन शिमला मिर्च एवं खीरे की फसल के उत्पाद दिखाए।

सार-समाचार

सनातन धर्म समिति की बैठक सम्पन्न

डूंगरपुर। सनातन धर्म समिति डूंगरपुर ने अयोध्या में आगामी 22 जनवरी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त डूंगरपुर के रामबोला मठ में आयोजित होने वाले दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियों के लिए सर्व समाज की बैठक रामबोला मठ में महंत शिवशंकरदास महाराज की अध्यक्षता में आहूत की जिसमे मंच पर विराजमान सभापति अमृतलाल कलासुआ, पूर्व सभापति के के गुप्ता, वीएचपी के जिला अध्यक्ष सज्जनसिंह भाटी, सनातन धर्म समिति के संरक्षक प्रियकांत पंड्या, प्रभु कंसारा, विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष नारायण पंड्या, सकल जैन समाज के युवा अध्यक्ष सुबोध जैन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक शाह का सनातन धर्म समिति अध्यक्ष सुरेंद्र चौबीसा द्वारा स्वागत किया। संतान धर्म समिति अध्यक्ष सुरेंद्र चौबीसा ने 21 व 22 जनवरी दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की सम्पूर्ण रूप रेखा प्रस्तुत की जिसमे बताया की 21जनवरी की शाम 07 बजे रामबोला मठ में डूंगरपुर के भजन गायकों द्वारा हुनमान चालीसा के 11 पाठ कर आरती प्रसाद लिए जायेंगे।

पवन मेवाड़ा का चयन

देवगढ़, (निसं)। 67 वी राष्ट्रीय बास्केटबॉल 19 वर्ष छात्र प्रतियोगिता पटियाला पंजाब में 5 जनवरी 2024 से आयोजित होगी। विस्तृत जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता हेतु पूर्व प्रशिक्षण कैंप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ में आयोजित हो रहा है।प्रतियोगिता हेतु देवगढ़ विद्यालय के एकमात्र छात्र पवन मेवाड़ा का चयन हुआ है जो कि रा उ मा वि देवगढ़ का छात्र है, इस उपलब्धि का सारा श्रेय देवगढ़ निवासी बास्केटबॉल के कोच दीनदयाल त्रिवेदी ओर देवगढ़ के सीनियर खिलाड़ियो को जाता है। महाराणा प्रताप स्टेडियम में दिनांक 28 दिसम्बर को 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया उसके बाद चयन कर 12 खिलाड़ियों का चयन किया जिनकी प्रतियोगिता 5 जनवरी से 11 जनवरी तक पटियाला में होगी ।इस राष्ट्रीय बास्केटबॉल 19 वर्ष शिविर में राष्ट्रीय कोच राजेश सेनी, कोच उज्ज्वल शर्मा, कोच दीनदयाल त्रिवेदी, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मनोज त्रिवेदी, पूनम चौधरी, मधुसूदन जोशी, चंद्रवीर सिंह, राजेन्द्र धाभाई, अभयसिंह। आदि इस शिविर में पूरा पूरा सहयोग दे रहे है।जिला बास्केटबॉल संघ की संरक्षक श्रीमती सपना भंडारी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी चंद्रप्रकाश त्रिवेदी, ओर सीनियर खिलाड़ियों में भगवत सिंह चौहान, राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी, दीपक पानेरी, आदि खिलाडियो ने राष्ट्रीय शिविर का अवलोकन कर परिचय प्राप्त किया।सी पी त्रिवेदी ने कुछ टिप्स भी दिए और राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब से मेडल प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

शीतकालीन अवकाश बढ़ाने की मांग

बांसवाड़ा, (निसं)।प्रदेश में पिछले तीन दिन से सर्दी के बढते प्रकोप एवं घने कोहरे के कारण राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर प्रदेश की सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश सात दिन और बढाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सह सचिव अरुण व्यास ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में इन दिनों भीषण सर्दी के साथ कोहरे का प्रकोप चल रहा है। दोपहर तक कोहरा छाया रहता है जिससे सर्दी जुकाम सहित मौसमी बीमारियां और कोरोना के नए वेरियेंट भी बढ रहे हैं इसलिए राज्य सरकार बच्चों के लिए शीतकालीन अवकाश को 7 दिन के लिए और बढाए ताकि छोटे बच्चों को सर्दी से राहत मिल सकें। व्यास ने अवकाश काल में ऑनलाइन शिक्षण संचालित करने और शिक्षकों को पूर्ववत विद्यालय उपस्थित होने के निर्देश जारी करने की मांग की है।

सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

डूंगरपुर। बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान डूंगरपुर की ओर से 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को हुआ। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण में सलवार सूटए ब्लाउज, बैबी फ्रॉक, नाईट गाउन, लहगा, साडी फॉल,पेटीकोट बनाना सिखाया गया। मूल्यांकन हेतु सुश्री धर्मीष्ठा त्रीपाठी व राज कुमार वर्डीया के द्वारा किया। जिसमे सफल प्रशिक्षणार्थियो ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बडौदा के अग्रणी जिला प्रबंधक जे.पी.मीणा व संस्थान के निदेशक मनोज सुथार थे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे स्वयं का रोजगार शुरू कर जीवन सफल बनाये। आगामी दिनों में कंप्यूटर, सी सी टीवी कैमरा इंस्टालेशन, घरेलु विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। आवेदनकर्ता संस्थान पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा सकेगे। इस मोके पर संस्थान के फैकल्टी अब्दुल अजीज खान ने कार्यक्रम का संचालन किया और विरेन्द्रसिंह चौहान आज्ञार जताया।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

उदयपुर, 4 दिसम्बर । मोहनलाल सुखाडिया विवि उदयपुर के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से पॉलीमर और रसायन विज्ञान में नवीनतम रुझान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुक्रवार को शुरू होगी। विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति चौधरी ने बताया कि इस दौरान उपरोक्त विषय पर चुनौतियों की पहचान करना और रसायन विज्ञान के माध्यम से लघु मध्यम और दीर्घकालिक समाधान और विकल्प प्रदान करने पर जोर दिया जाएगा। लगभग 250 से अधिक शोधार्थी, वैज्ञानिक व शिक्षकों के सम्मिलित होंगे। संगोष्ठी संयोजक डॉ. दिनेश यादव व डॉ. प्रद्युमन सिंह राणावत ने बताया कि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी और सीएसआईआर के वैज्ञानिकों द्वारा संबंधित विषय पर व्याख्यान दिए जाएंगे।

पक्षी पहचान कार्यशाला का समापन

उदयपुर, 4 जनवरी। वन विभाग, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया एवम ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय पक्षी पहचान कार्यशाला के दूसरे दिन जंगल सफारी पार्क में 47 प्रतिभागियों ने फील्ड विजिट मे भाग लिया। उपवन संरक्षक वन्यजीव अरुण कुमार डी. ने बताया कि पक्षी विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा, विनय दवे एवं सेवानिवृत्त उपवन संरक्षण प्रताप सिंह चुंडावत ने सभी का मार्गदर्शन किया व विस्तार से क प्रजातियों के बारे मे जानकारी दी। मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव राजकुमार जैन ने कार्यशाला के आयोजन की सराहना की और इसे सीखने का सुनहरा अवसर बताया। उपवन संरक्षक सुगना राम जाट ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला से सभी वर्गो के शहरवासियो को बर्ड फेस्टिवल और अन्य कार्यक्रमों से जुडने का अच्छा मौका प्राप्त मिलेगा। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के संभागीय अधिकारी अरुण सोनी ने कार्यशाला का संचालन किया।

रैन बसेरे व आश्रम का निरीक्षण

उदयपुर। माननीय सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री चंचल मिश्रा के निर्देशो के क्रम में एडीजे कुलदीप शर्मा ने पहाड़ी बस स्टैंड पर संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शर्मा ने आमजन से आह्वान किया कि यदि किसी भी व्यक्ति को को भी खुले में सोया हुआ मिले तो नगर निगम उदयपुर में संचालित रैन बसेरो में निःशुल्क आश्रय दिला सकता है। इसके पश्चात एडीजे शर्मा ने आशाधाम आश्रम का भी निरीक्षण किया औ वहां मानसिक रूप से विमंदित व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। मानसिक रूप से विमंदित व्यक्तियों के परिवार का पता लगाकर जो परिवार में पुनर्वासित हो सकते है, उन्हे परिवार में पुनर्वासित करने के निर्देश प्रदान किए। इधर शर्मा ने प्रज्ञा चक